हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

06 बाइक की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों ने ...



09 जनगणना के तहत 1 से 30 मई तक घर-घर पहुंचेगी...





## खबर संक्षेप

### स्व. रतनशी शाह के 30वें पुण्य स्मरण पर सम्मान समारोह आज

**विदिशा।** स्व. रतनशी शाह का 30वां पुण्य स्मरण समारोह आज गुरुवार सुबह 10 बजे स्थानीय कच्छी भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य खजान सिंह, प्रदेश प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले चार विद्यार्थियों तथा बरईपुरा की एक मेधावी छात्रा को सम्मानित किया जाएगा। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे मुख्य अतिथि एवं डीईओ शिशुपाल सिंह जाटव अध्यक्षता करेंगे।

### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में की एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा

**विदिशा।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, नगरीय विकास, सुशासन, शिक्षा, वन, ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य तथा कानून व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एनआईसी कक्ष में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव मौजूद रहे।

### सिया और नव्या भोपाल में हुईं सम्मानित



**शमशाबाद।** सिया सोनी ने कक्षा 12वीं (कॉमर्स संकाय) में 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की, वहीं नव्या सोनी ने कक्षा 10वीं में 97.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर का गौरव बढ़ाया। शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। दोनों बहनों की इस उपलब्धि पर शमशाबाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों ने इस सफलता का श्रेय उनकी मेहनत एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

### नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना सिरोंज में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिरोंज में दर्ज अपराध के फरार आरोपी शाहिद मोहम्मद पुत्र मोहम्मद मियां निवासी वार्ड नंबर 20 टोरी मोहल्ला सिरोंज की सूचना देने वालों के लिए तीन हजार रुपए नगद इनाम घोषित किया गया है।

### सिंगल क्लिक से मिलेगी संबल योजना की राशि

**विदिशा।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत पंजीकृत मृतक श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को शीघ्र सहायता राशि प्रदान की जाएगी। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 488 मृतक श्रमिकों के परिजनों को कुल 11 करोड़ 6 लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक से सीधे उनके बैंक खातों में दी जाएगी।

# नहर की जमीन पर हुए अतिक्रमण के मामले में अब तक 11 को नोटिस जारी
# कॉलोनियां बनी, मकान तने, अब ढूंढे से भी नहीं मिल रहा नहर का अस्तित्व

- नहर की जमीन पर कई रसूखदारों का है कब्जा।


हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में दशकों पुरानी उद्वहन सिंचाई योजना की नहर पर अतिक्रमण का मामला गर्माता जा रहा है। किसानों के लिए बनाई गई यह नहर अब जमीन से लगभग गायब हो चुकी है। जहां कभी पानी बहता था, वहां अब पक्के निर्माण और कॉलोनियां बन गई हैं। मामले में राजस्व विभाग ने 11 लोगों को नोटिस जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार, दौलतपुरा और मदनखेड़ा क्षेत्र में वर्षों पहले बनाई गई इस नहर का उद्देश्य खेतों तक पानी पहुंचाना था। वर्तमान में नहर का अधिकांश हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में है और मौके पर केवल जर्जर संरचनाएं ही बची हैं। जहां पहले पानी बहता था, वहां अब कंक्रीट निर्माण हो चुके हैं। कई स्थानों पर कॉलोनियां विकसित हो गई हैं, जिससे योजना का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया है।



### नदी किनारे लगी मशीनरी जर्जर, उपकरण भी गायब

बेतवा घाट के पास लगी सिंचाई मशीनरी खराब हालत में है। कई उपकरण अनुपयोगी हो चुके हैं, जबकि कुछ के चोरी होने की आशंका भी जताई जा रही है। मामले को लेकर कांग्रेस ने भी सवाल उठाए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता आनंद जाट ने आरोप लगाया कि किसानों के हितों की अनदेखी हो रही है और नहर की जमीन पर कब्जा होना गंभीर मामला है। उन्होंने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने और किसानों को उनका हक दिलाने की मांग की है। अधिकारियों के अनुसार यह योजना 40-50 साल पुरानी है, जिसके रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। तहसीलदार निधि लोधी ने बताया कि अब तक 11 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। जांच के आधार पर आगे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।



### मकान सूचीकरण व प्रथम चरण के काम समय सीमा में पूर्ण कराने निर्देश
# सख्ती: जनगणना में लगे कर्मचारियों के अवकाश पर 31 मई तक रोक लगी

*जनगणना को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। इस कार्य में लगे सभी कर्मचारियों और शिक्षकों के अवकाश पर 30 मई तक के लिए रोक लगा दी गई है। इस दौरान मकान सूचीकरण का काम चलेगा।*

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जनगणना-2027 के प्रथम चरण को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए जनगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर 31 मई 2026 तक रोक लगा दी है। आदेश जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशों के तहत जारी किया गया है, ताकि मकान सूचीकरण और प्रारंभिक गणना का कार्य तय समयसीमा में पूरा हो सके।

प्रशासन द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसके आंकड़े आने वाले वर्षों की विकास योजनाओं, बजट आवंटन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और आधारभूत सुविधाओं की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में किसी भी स्तर पर ढिलाई या अनुपस्थिति से कार्य प्रभावित न हो, इसलिए सभी कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। हालांकि विशेष परिस्थितियों में अवकाश की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन इसके लिए संबंधित प्रभारी अधिकारी (चार्ज अधिकारी) की स्पष्ट अनुशंसा आवश्यक होगी। इसके बाद आवेदन अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी के समक्ष अंतिम स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

गौरतलब है कि जनगणना-2027 दो चरणों में प्रस्तावित है। पहले चरण में मकानों की सूचीकरण और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जा रही है, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या का विस्तृत सामाजिक-आर्थिक आंकड़ा संकलित किया जाएगा। इस बार डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रहण पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे त्रुटियां कम हों और आंकड़ों का शीघ्र संकलन हो सके। प्रशासन ने सभी विभागों को स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

**जनगणना 2027: 30 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण का अभियान**



विदिशा। शहर के वार्डों में मकानों की जनगणना का काम किया जा रहा है। कई कॉलोनियों में नंबरिंग भी हो चुकी है।

- डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रहण पर भी विशेष जोर।
- प्रगणक और पर्यवेक्षक अन्य कार्यों से मुक्त रहेंगे।
- सभी विभागों को सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 1 मई से जनगणना का पहला चरण प्रारंभ

जनगणना-2027 के प्रथम चरण को लेकर विदिशा जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। कार्यालय जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक मई से 30 मई 2026 तक पूरे प्रदेश में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य एक साथ संचालित किया जाएगा। जिले में नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण अंतिम चरण में है। प्रशिक्षण उपरांत 26 से 30 अप्रैल के बीच उन्हें फील्ड में भेजकर आवंटित मकान सूचीकरण ब्लॉक एवं पर्यवेक्षण सर्किल की सीमाओं का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र से पूर्णत: परिचित हो सकें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व को देखते हुए संबंधित प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को इस अवधि में अन्य शासकीय कार्यों से मुक्त रखा जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या बाधा को गंभीरता से लिया जाएगा।

## रामलीला निधि के उपयोग पर उठे सवाल, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### सदस्यों ने किया विसर्जन कुंड निर्माण में खर्च का विरोध



विदिशा। कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे मेला समिति के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रामलीला सभा ने रामलीला निधि के उपयोग को लेकर कलेक्टर एवं श्रीरामलीला मेला समिति के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई है। सभा पदाधिकारियों का आरोप है कि निधि का उपयोग नियमों के विपरीत प्रस्तावित किया जा रहा है।

सभा के अनुसार 25 अप्रैल को आयोजित बैठक में मेला समिति द्वारा जानकारी दी गई कि जानकी कुंड स्थित विसर्जन कुंड के निर्माण और विस्तार कार्य के लिए श्रीरामलीला निधि से राशि खर्च की जाएगी। इस पर सभा ने कहा कि नियमों के तहत निधि का उपयोग केवल रामलीला आयोजन एवं उससे संबंधित विकास कार्यों के लिए ही किया जा सकता है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान मेला समिति का कार्यकाल 12 सितंबर 2025 को समाप्त हो चुका है। नई समिति का गठन न होने के बावजूद पुराने पदाधिकारियों द्वारा निर्णय लेना उचित नहीं है। सभा ने शीघ्र नई समिति गठन की मांग की है।

### राजेश रघुवंशी कांग्रेस के जिला प्रभारी नियुक्त



**विदिशा।** प्रदेश कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंदसौर के वरिष्ठ नेता राजेश रघुवंशी को विदिशा जिला कांग्रेस संगठन का प्रभारी नियुक्त किया है। इससे पूर्व यह दायित्व पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर निभा रहे थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पायलट प्रोजेक्ट में विदिशा को प्रदेश का प्रथम जिला चुना गया है। आगामी नगर पालिका एवं 2028 विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है।

# पठारी पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब का जखीरा 70 पेटी अवैध शराब सहित थार रॉक्स कार जब्त

### मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरखेड़ा में घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है।

एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना पठारी पुलिस ने 27 अप्रैल को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति सफेद रंग की थार रॉक्स कार से त्योंदा से पठारी की ओर अवैध शराब लेकर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बरखेड़ा के पास घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की। संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी लेने पर उसमें से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना पठारी में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त सामग्री में 50 पेटी इंग्लिश गोवा शराव, 20 पेटी बॉम्बे व्हिस्की तथा एक थार रॉक्स कार शामिल है।

कुल 23 लाख 50 हजार रुपए की सामग्री जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी अक्षय घोसी पिता रज्जन घोसी उम्र 22 वर्ष निवासी माता माडिया जिला सागर तथा अमित घोसी पिता भरत सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा सागर को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# मानोरा के पास अनियंत्रित कार ने मारी टक्कर पुलिया में गिरे ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक गंभीर घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के मानोरा स्थित नैहरया नाले के पास मंगलवार शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच तेज रफ्तार कार ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे के समय किसान विदिशा मंडी से कृषि कार्य कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से गांव मैदौन लौट रहे थे। बताया गया कि कार क्रमांक एमपी 15 सीबी 9247 विदिशा की ओर से आ रही थी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर और ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरे। ट्रैक्टर में सवार तीन लोगों में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो अन्य को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय भेजा गया। थाना प्रभारी गोकुल अजनेरिया के अनुसार दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते की प्रक्रिया जारी है, फिलहाल कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

## 15वें वित्त की पूरक कार्ययोजना को मंजूरी, 577 ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन से हुई, जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं विद्युत विभाग ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मुख्य एजेंडे में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जुड़े 16 विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने संबंधित विभागों को अभियान की




नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। गर्मी को देखते हुए जिले की 577 ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब जल स्त्रोतों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए। बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की पूरक कार्ययोजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

# ब्लैकआउट हुआ, हवाई हमले से निपटने किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुलिस लाइन क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इसका संचालन होमगार्ड जिला कमांडेंट मयंक जैन के नेतृत्व में किया गया।

अभ्यास के दौरान सिविल डिफेंस की ओर से एयर रेड यानी हवाई हमले और ब्लैकआउट की स्थिति से निपटने की प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल में संभावित आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए तीन



अलग-अलग चरणों में सायरन बजाए गए, ताकि लोगों को अलग-अलग परिस्थितियों की समझ हो सके। इस दौरान सुरक्षित निकासी, खोज और बचाव अभियान, घायलों को अस्पताल पहुंचाने और अन्य आपदा प्रबंधन प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल में पुलिस, होमगार्ड, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट्स और अन्य विभागों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि यह एक पूर्व निर्धारित अभ्यास है, इसलिए किसी भी तरह की अफवाह या घबराहट से बचें और प्रशासन का सहयोग करें। अधिकारियों के अनुसार, इस तरह की मॉक ड्रिल से जिले की आपदा प्रबंधन क्षमता मजबूत होती है और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलती है।

### एक सायरन से चेतावनी

पहले चरण में तीन मिनट का सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी दी गई और लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया। पहले सायरन के बाद पूरे क्षेत्र में ब्लैकआउट किया गया, जिसमें रोशनी बंद कर दी गई और नागरिकों को घरों में सुरक्षित रहने के निर्देश दिए गए। दूसरे सायरन के माध्यम से संभावित हमले की स्थिति को दर्शाया गया, जिससे लोगों को स्थिति की गंभीरता समझाई गई। तीसरे सायरन के बाद लोगों को बाहर निकलकर घायलों की मदद करने और राहत कार्यों में भाग लेने का अभ्यास कराया गया।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6410
सरसों
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-7000
चना
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5400
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-9360
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5070
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2905
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2190
उच्चतम भाव-2370
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2260
उच्चतम भाव-3161
बटरी
न्यूनतम भाव-2390
उच्चतम भाव-4044
धनिया
न्यूनतम भाव-9000
उच्चतम भाव-11500
अलसी
न्यूनतम भाव-7870
उच्चतम भाव-8000
मक्का
न्यूनतम भाव-1410
उच्चतम भाव-1410
उड़द
न्यूनतम भाव-5960
उच्चतम भाव-5960
मटर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3830
तुअर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-4800
धान
न्यूनतम भाव-1360
उच्चतम भाव-2700
मूंग
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 30922 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

### तापमान पहुंचा 42 डिग्री ...



**गंजबासौदा।** बुधवार को तेज धूप के चलते तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच गया। ऐसे में दोपहर बाद गर्म हवाएं चलने लगीं, लोग तेज गर्मी से बचने तरह तरह के जतन कर रहे हैं। खास तौर से घरों से बाहर निकल रहे है तो मुंह पर कपड़ा बांध कर सफर कर रहे है। फोटो बुधवार को रेलवे स्टेशन मार्ग पर लिया गया है।

## नपा अमले ने की जुर्माने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगरपालिका अमले ने नगर के मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण एवं गंदगी फैलाने पर चालानी कार्रवाई की। चालानी कार्रवाई के दौरान 10 दुकानदारों की रसीद बनाकर 4800 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान नपा अमला मौजूद रहा।

## मेहनत व संकल्प से मिली सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील अंतर्गत ग्राम गमाकर निवासी कुलदीप रघुवंशी ने अपने अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध कर दिखाया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी सफलता हासिल की जा सकती है। कुलदीप पिता राजेन्द्र सिंह रघुवंशी का जन्म एक साधारण किसान परिवार में हुआ। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े कुलदीप के माता-पिता ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए उन्हें सेंट एसआरएस हाई स्कूल में शिक्षा ग्रहण कराई। वर्ष 2015 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, उन्हें अपने रिश्तेदारों एवं मित्रों के माध्यम से आईटीआई के बारे में जानकारी मिली, जिसमें कम समय और कम खर्च में बेहतर भविष्य की संभावनाएं बताई गईं। मार्गदर्शन से प्रेरित होकर कुलदीप ने आईटीआई में स्टेनोग्राफर हिन्दी ट्रेड में वर्ष 2021 में प्रवेश लिया और वर्ष 2022 में सफलतापूर्वक डिप्लोमा प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2023 में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित स्टेनोग्राफर हिन्दी की कठिन परीक्षा को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कुलदीप की पहली नियुक्ति डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स, मिनिस्ट्री, नई दिल्ली में हुई। वर्तमान में वे मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षा में चयनित होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर स्टेनो के पद पर कार्यरत हैं। कुलदीप की यह सफलता न केवल युवाओं के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि सही मार्गदर्शन, निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### नाराज परिजनों ने की बाइक चालक पर कार्रवाई की मांग

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को त्योंदा रोड निवासी रवि अहिरवार उर्फ डब्बू को रात के समय एक बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। गत दिवस उसकी उपचार के दौरान मौत होने के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को जयस्तंभ चौक पर रखकर प्रदर्शन किया और दोषी बाइक चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे टीआई संजय बेदिया ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त किया।







जानकारी के अनुसार त्योंदा रोड निवासी रवि अहिरवार उर्फ डब्बू पंचर की दुकान चलाता था। रविवार की रात वह दुकान बंद कर घर की ओर जा रहा था। तभी एक तेज रफ्तार से आ रहे बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी थी। घटना के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां गंभीर रूप से घायल होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। विदिशा से भी उसे उच्च स्तरीय उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान बुधवार की सुबह रवि की मौत हो गई। रवि का शव लेकर आए परिजन जब उसे अंतिम संस्कार के लिए पारासरी विश्राम घाट ले जा रहे थे, तो घटना से नाराज परिजनों ने जयस्तंभ चौक पर शव रखकर प्रदर्शन किया और आरोपी बाइक चालक की गिरफ्तारी एवं कार्रवाई की मांग करने लगे।

इस प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही कोतवाली टीआई संजय बेदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा की। इस प्रदर्शन के चलते करीब 10 मिनिट तक जय स्तंभ चौक पर वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध रही। बाद में थाना प्रभारी संजय वेदिया द्वारा मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देने पर परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त किया और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। इस संबंध में सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि सीसी टीवी कैमरों में बाइक चालक के फुटेज चेक किए जा रहे हैं। शीघ्र ही बाइक चालक की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने की सड़क निर्माण की मांग



**गंजबासौदा।** गत दिवस उदयपुर पंचायत के गांव खोंगरा के ग्रामीणों ने गांव तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन सौंपा और सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों के आवेदन में कहा गया है कि खोंगरा आदिवासी बाहुल्य गांव है। यहां तक जाने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना स्वीकृत हुई थी, लेकिन अभी तक सड़क निर्माण का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। सड़क न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है और गांव तक एंबुलेंस न पहुंचने से कई बार गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाना भी मुश्किल हो जाता है और रास्ते में प्रसव होने से जच्चा, बच्चा की मौत भी हो जाती है। यही नहीं गांव में बरसात के समय किसी की मौत हो जाने पर श्मशान घाट तक जाने के लिए भी 4 से 5 फीट पानी में से होकर जाना पड़ता है। कई बार आवेदन के बाद भी प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। पिछली बार चुनाव का बहिष्कार करने पर प्रशासन ने शीघ्र सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक सड़क निर्माण नहीं हो सका है। जिससे आदिवासी बस्ती और अन्य ग्रामीण काफी परेशानी उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

## न्यायाधीशों ने बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं की बैठक ली



**गंजबासौदा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में दिनांक 9 मई 2026 को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बुधवार को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबधित प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श हेतु बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं अभिभाषक संघ के अन्य अधिवक्तागण के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा की गई। जिसमें जफर इकबाल तृतीय जिला न्यायाधीश गंजबासौदा सहित इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्तागण एवं आवेदक अधिवक्तागण सहित अभिभाषक संघ के अन्य अधिवक्तागण उपस्थित हुए। आयोजित बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण से लोक अदालत में रखे जाने वाले मोटर दुर्घटना दावा अधिकारण से संबंधित प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श किया गया एवं लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों को चिन्हित किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराये जाने की अपील की गई। ताकि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके।

## भोलेनाथ के दर्शन करने उमड़ रहा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र द्वारा 41 फीट के शिवलिंग के दर्शनों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बुधवार को महंत महेश्वर दास त्यागी महाराज, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पांचवें दिन शिव भोलेनाथ की आरती कर शुभारंभ किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा आओ आध्यात्मिक अलख जगाएं एक दिव्य समाज बनाएं, उन्होंने कहा एक दिव्य समाज बनाना यह हम सब का कर्तव्य है।

हमारा लक्ष्य है और भगवान के दिव्य अवतरण का भी यही उद्देश्य है। परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक जन्म की पुनीत स्मृति में ही शिवरात्रि अर्थात शिव जयंती का त्यौहार मनाया जाता है। 12 ज्योतिर्लिंग के रूप में पूरी दुनिया में उनकी पूजा की जाती है। त्यागी महाराज ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों का अनुशासन मुझे बहुत अच्छा लगता है बहनों के नियम, संयम, मर्यादा, पवित्रता ही सभी को खींचती है। कार्यक्रम में मोहनी बहन एवं वंशिका बहन द्वारा शिव की महिमा का नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात शिव भोलेनाथ के सामने सभी ने स्वयं को बदल कर बुराइयों को छोड़ सकारात्मक सोच धारण कर एक दिव्य समाज बनाने का संकल्प लिया। 41 फीट शिवलिंग के दिव्य दर्शन 25 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक होंगे।

## पेशवा बाजीराव की पुण्यतिथि मनाई



**गंजबासौदा।** शहर वाचनालाय पाठक संघ के तत्वावधान में पेशवा बाजीराव प्रथम की पुण्यतिथि बलिदान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी शदीपक तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने बलिदान दिवस का महत्व प्रतिपादित किया और कहा कि उन्होंने जीवन में 41 युद्ध लड़े और एक भी नहीं हारे। उन्होंने अटक से लेकर कटक तक पूरे हिंदुस्तान में राज्य किया और अखंड भारत में साम्राज्य स्थापित किया। वहीं दिल्ली में भी उन्होंने कब्जा किया। वहीं बुंदेलखंड के राजा छत्रसाल के जीवन की उन्होंने रक्षा की। कार्यक्रम में उनके बताइए मार्ग और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ अशोक रोहिले, मोहन सैनी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में आभार व्यक्त सतीश शिल्पकार ने व्यक्त करते हुए उनके बलिदान से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर अनुज यादव, अरविंद यादव, दीपक त्रिवेदी, कैलाश नेमा, मोहन सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### आयोजित हो रहा 9 कुण्डीय श्रीराम यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा

# मूड़रा में गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम मूड़रा मेवली में बुधवार को 9 कुंडीय श्रीराम यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश रखकर शामिल रहीं। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई यज्ञ स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया।

आयोजन स्थल पर 30 अप्रैल से 4 मई तक प्रतिदिन यज्ञ अनुष्ठान व कथा का वाचन होगा। जबकि 5 मई पूर्णाहुति एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि समीपस्थ ग्राम मेवली मूडरा में पहली बार यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। करीब 2 महीने से यज्ञ की तैयारी व्यापक स्तर पर की जा रही थी। यज्ञ के प्रारंभ में निकली भव्य कलश यात्रा में बुधवार को प्रायश्चित्त, जलयात्रा एवं पंचांग पूजन के यज्ञ मंडप में प्रवेश हुआ। गुरुवार को देव स्थापन, पूजन के साथ यज्ञ वेदियों में अग्नि स्थापन की जाएगी। शुक्रवार को देवपूजन एवं ग्रह शांति, आहूति, हवन प्रारंभ होगा। शनिवार 2 मई को देवपूजन, हवन, 3 मई को देवपूजन, हवन, 4 मई को देवपूजन, 5 मई को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा आयोजित होगा। अनुष्ठान यज्ञ आचार्य पं. मिथिलेश शास्त्री द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। वहीं कथा के मुख्य यजमान रामकृष्ण रघुवंशी हैं और यज्ञ के मुख्य यजमान मुकेश रघुवंशी हैं।

आयोजन में कथावाचक पं. तरुण महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन समिति अनुसार, 29 अप्रैल से 5 मई तक चलने वाले इस महायज्ञ और कथा में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का आयोजन होगा। कलश यात्रा में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में धर्मालु मौजूद रहे। यज्ञ एवं कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## पुण्य स्मृति में नाइट टूर्नामेंट आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर के वरिष्ठ शिक्षक एवं क्रिकेट प्रेमी कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित सुपर चैंपियंस कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ टीटी जैन पाठशाला ग्राउंड में बीती रात्रि किया गया। खेल प्रतियोगिता में बासौदा, ग्यारसपुर, सिरोंज, कुरवाई, राहतगढ़, खुरई, बीना, सागर, विदिशा के खिलाड़ी अपना दम ट्रॉफी जीतने के लिए लगाएंगे।

मंगलवार को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, राष्ट्रीय संत एवं कथावाचक डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का पहला मैच डी-स्टार बनाम उद्धव एंटरप्राइजेज के बीच खेला गया। ओधव एंटरप्राइजेज की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी और 8 ओवर में 45 रन बनाए। डी-स्टार ने सिर्फ 3 ओवर और 2 गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया। रात्रि कालीन खेल प्रतियोगिता का दूसरा मैच आर्दित इंडियन बनाम जय श्री राधे टीम के मध्य खेला गया। आर्दित इंडियन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 79 रन बनाए, 80 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय श्री राधे की टीम ने मात्र 5 ओवर 4 गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया। तीसरा मैच द स्टार और जय श्री राधे के मध्य खेला गया। डी स्टार ने आठ ओवर में 98 रन का लक्ष्य टीम जय श्री राधे को दिया। जिसमें जय श्री राधे की टीम आठ ओवर में 97 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आमिर को दिया गया।

चौथा मैच आर्दित इंडियन और उद्धव एंटरप्राइज निक्की मोबाइल के मध्य खेला गया। जिसमें आर्दित इंडियन ने आठ ओवर में 128 रन बनाए। उद्धव एंटरप्राइज निक्की मोबाइल केवल 6 ओवर एक बॉल पर 41 रन पर ऑल आउट हो गई। पांचवा मैच जय श्री राधे और टीम आर्दित इंडियन के मध्य खेला गया। जिसमे आदित्य इंडियन ने 8 ओवर में 80 रन का टारगेट टीम जय श्री राधे को दिया। जय श्री राधे टीम ने बगैर विकेट खोए मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुकुंद अग्रवाल को दिया गया। इस दौरान बडी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## जीवाजीपुर में लग रहा जाम, आमजन परेशान



**गंजबासौदा।** बासौदा त्योंदा रोड पर जीवाजीपुर में इन दिनों सरकारी एवं निजी वेयर हाउस में समर्थन मूल्य पर खरीदी चलने से वहां ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लाइन लग रही है। यह लाइन खरीदी केन्द्रों के आसपास ही नहीं बल्कि मुख्य मार्ग के किनारे तक पहुंच रही है। वहीं दूसरी ओर इन वेयर हाउस में अन्य केन्द्रों से आ रही उपज से भरे ट्रक भी पहुंच रहे हैं। ये ट्रक भी अपनी बारी के इंतजार में सड़क के दूसरी ओर लाइन लगाकर खड़े रहते हैं। जिससे मार्ग काफी संकरा हो रहा है और ऐसे में आमने सामने बड़े वाहन आने से मार्ग पर जाम लग जाता है। बुधवार को भी इसी कारण काफी समय तक जाम लगा रहा और छोटे वाहन चालक काफी परेशान हुए।

### ड्रेसर का अपनी ड्यूटी छोड़कर स्टाफ की ड्यूटी लगाने पर रहता विशेष ध्यान

# नवागत बीएमओ कुर्सी तक सीमित, सिविल अस्पताल सांची की कमान संभाल रहा ड्रेसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शांति की नगरी सांची का सिविल अस्पताल इन दिनों अव्यवस्थाओं और आरोपों के चलते सवालों में घिरा हुआ है। सिविल अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियों के आरोपों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि सिविल अस्पताल सांची का संचालन नियमों और प्रशासनिक प्रक्रिया के बजाय एक ड्रेसर के इर्द-गिर्द सिमटकर रह गया है।

सूत्रों और कर्मचारियों के मुताबिक, सिविल अस्पताल सांची में ड्यूटी निर्धारण से लेकर दैनिक कार्यों के संचालन तक का जिम्मा कथित रूप से ड्रेसर हरिसिंह लाडिया के हाथों में केंद्रित हो गया है। आरोप है कि कौन कर्मचारी किस विभाग में काम करेगा, सफाईकर्मी किस क्षेत्र में सफाई करेगा, मरीजों की प्राथमिक जांच कौन करेगा और यहां तक कि कूलर में पानी भरने जैसे कार्य भी उसी के निर्देशों पर तय हो रहे हैं। जबकि सिविल अस्पताल में इन कार्यों के लिए अलग-अलग पदों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं।

बताया जा रहा है कि संबंधित ड्रेसर विदिशा से अप-डाउन करते हैं और अपने समयानुसार सांची अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन इसके बावजूद अस्पताल संचालन पर उनका प्रभाव बना हुआ है। कर्मचारियों का कहना है कि बीएमओ की कुर्सी पर कोई भी अधिकारी हो, वास्तविक निर्णय लेने की कमान उसी के पास नजर आती है। इस स्थिति को लेकर स्थानीय स्तर पर "ड्रेसर राज" जैसी चर्चाएं भी बनी हैं।

#### पर्यटन स्थल की साख पर खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि सांची जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर इस तरह की स्वास्थ्य अव्यवस्थाएं चिंताजनक हैं। यहां प्रतिदिन देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। ऐसे में यदि किसी मरीज या पर्यटक के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो सकता है।

### स्थानीय स्तर पर बनी "ड्रेसर राज" जैसी चर्चाएं




### कर्मचारियों से प्रोफाइल से हटकर काम लेने के आरोप...

सिविल अस्पताल सांची के कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनसे उनके पद और योग्यता के अनुरूप कार्य नहीं लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों से कूलर में पानी भरवाना, खिड़कियों के जाले साफ करवाना और अन्य गैर-तकनीकी कार्य कराए जा रहे हैं। विरोध करने वाले कर्मचारियों पर दबाव बनाने उनके खिलाफ नकारात्मक रिपोर्ट तैयार कर नोटिस दिलवाने की बात भी सामने आई है।

### बीएमओ की भूमिका पर उठे सवाल

कर्मचारियों का कहना है कि यदि कोई सीधे बीएमओ से संपर्क करता है, तो उन्हें पहले संबंधित ड्रेसर से बात करने को कहा जाता है। अब यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या सिविल अस्पताल में निर्णय लेने के लिए एक ड्रेसर की सहमति आवश्यक हो गई है? इस स्थिति ने प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### आरोप : ग्रुप डी कर्मचारी कर रहे ड्रेसिंग का कार्य

सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि ड्रेसिंग जैसे तकनीकी कार्य, जो प्रशिक्षित स्टाफ की जिम्मेदारी होती है। वह कथित रूप से ग्रुप-डी कर्मचारियों से कराए जा रहे हैं। यदि यह आरोप सही है तो यह सीधे मरीजों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन जाता है। बिना प्रशिक्षण के इस तरह के कार्य कराना मरीजों के लिए जोखिमपूर्ण है।

### जांच और कार्रवाई की मांग तेज

मामले में अब निगाहें जिला स्वास्थ्य विभाग और सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री पर टिक गई हैं। स्थानीय लोग और कर्मचारी मांग कर रहे हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो। साथ ही यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या संबंधित ड्रेसर का स्थानांतरण किया जाएगा या मामला औपचारिकता तक सीमित रह जाएगा।

अब सवाल यही है क्या सांची सिविल अस्पताल वास्तव में एक ड्रेसर के भरोसे चल रहा है या इन आरोपों के पीछे कोई और सच्चाई है? इसका जवाब अब जांच में ही सामने आएगा।

#### जल्द होगा सुधार

मेरे द्वारा हाल ही में पदभार संभाला है। सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं को जल्द सुधारने का प्रयास किया जाएगा। कर्मचारियों को उनके पद और जिम्मेदारी के अनुसार कार्य सौंपे जाएंगे और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।
- **राजश्री तिडके,** बीएमओ, ब्लॉक सांची।

### उदयपुरा-बरेली नप हुई उपयंत्री विहीन

## लोकायुक्त ने नगर परिषद के उपयंत्री को रिश्वत लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




पिछले दिनों उदयपुरा नगर परिषद में पदस्थ उपयंत्री को लोकायुक्त पुलिस द्वारा भोपाल में 2 लाख की रिश्वत राशि के साथ पकड़ा गया। उदयपुरा में पदस्थ उपयंत्री बरेली नगर परिषद के प्रभावी उपयंत्री के रूप में पिछले 8-10 माह से काम काज देख रहे थे।

नगर परिषद में प्रभावी उपयंत्री भी चले गए। अब विकास और निर्माण कार्यों की देखरेख, स्टीमेंट और चल रहे निर्माण कार्यों का कैसे और कब भुगतान की समस्या उत्पन्न हो गई है।

शासन की विभिन्न योजनाओं के साथ नगर परिषद द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य कराये जा रहे थे। नगर परिषद द्वारा हाल ही में पारित किए गए वार्षिक बजट में कई करोड़ों के निर्माण विकास कार्य प्रस्तावित है। 25 जून बारिश का सीज़न लगने से पूर्व अनेक निर्माण कार्य शुरु होना थे। अब विकास और निर्माण कार्यों का सिलसिला थम जाने की स्थिति बन सकती है।

#### इनका कहना है

नगर परिषद में पिछले अनेक महिनों से उदयपुरा में पदस्थ उपयंत्री प्रभावी के रूप में बरेली नगर परिषद का कार्य देख रहे थे। शीघ्र उपयंत्री की नियुक्ति की संभावना है। अन्यथा कार्य प्रभावित होगें।
- **हरिशंकर वर्मा,** सीएमओ नगर परिषद बरेली।

## पुलिस ने की कार्रवाई, बनाए 11 चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

बुधवार को भोपाल विदिशा हाइवे पर पुलिस ने दो व चार पहिया वाहनों का जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, एएसआई सुनील शर्मा और पुलिस बल द्वारा बाइक चालकों के हेलमेट और चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट सहित ओवरलोड वाहनों की जांच की गई। 11 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर 5 हजार 200 रुपए समन शुल्क वसूला गया है।

वाहनों की जांच कार्रवाई से चालकों में हड़ंकप मच गया।वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए रास्ता बदलकर भी जाते नजर आए। सलामतपुर थाने के प्रभारी का कहना है कि दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाना अनिवार्य है।

### खबर संक्षेप

#### 108 एंबुलेंस के लिए इन नंबरों पर करें कॉल

**रायसेन।** जिले में 108 एम्बुलेंस 41 संचालित हैं, जिसमें 108 पर कॉल कर एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाती है। सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री ने बताया कि जिले में मरीजों को एंबुलेंस की जरूरत होने पर 108 पर कॉल नहीं लगने या मरीजों को समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने की समस्या के निराकरण के लिए 108 कॉल सेंटर नंबर के अतिरिक्त अन्य मोबाईल नंबर पर कॉल कर एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जा सकती है। इसमें मोबाईल नं.- 7880083059, जिला कोर्डिनेटर विशाल पाल - 7880171851, ऑपरेशन मैनेजर- 7400519986 पर एम्बुलेंस के लिए कॉल कर सकते हैं।

#### सक्सेना निवास पहुंचकर राज्यमंत्री ने दी संवेदना



**बरेली।** नगर के धार्मिक सामाजिक साहित्यिक कार्यों में हमेशा सक्रिय आग्रणी भूमिका निभाने वाले श्री निराला साहित्य जन कल्याण परिषद के सचिव अवध नारायण सक्सेना के बड़े भाई लक्ष्मीनारायण सक्सेना का निधन हो गया। क्षेत्र के विधायक, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल अपने साथी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सक्सेना के निवास पहुंचे। राज्यमंत्री पटेल ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित कर सक्सेना परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा कर शोक सम्वेदना व्यक्त की।

### भवन में कमियां बता कर स्वास्थ्य विभाग नहीं ले रहा हैंडओवर

## 25 लाख की लागत से बनी संजीवनी क्लीनिक का नहीं हो पा रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के ग्रह नगर में 25 लाख रुपए की लागत से पशु चिकित्सालय की भूमि पर संजीवनी क्लीनिक का निर्माण ढेकेदार के माध्यम से कराया गया। लगभग एक वर्ष से निर्माण हुआ भवन को स्वास्थ्य विभाग अपने हैंडओवर नहीं ले रहा है।

सवाल यह है कि राशि खर्च हो गई, क्लीनिक का भवन भी बन गया परन्तु लाभ नहीं मिल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग नगर परिषद द्वारा संजीवनी भवन हैंड ओवर के लिए पत्र लिखा गया। विभाग द्वारा भवन के सामने सीसी करने या पेवर ब्लाक लगाने, बाउंड्रीवॉल निर्माण और भवन में उनके अनुसार कलर किए जाने के साथ टूटी खिडक़ी ठीक कराये जाने को कहा है। भवन बनने के बाद देखरेख की जिम्मेदारी न होने से खिडक़ी टूट गई। जिस प्रकार स्वा. विभाग द्वारा नव निर्मित संजीवनी क्लीनिक को हेन्ड ओवर से पूर्व कमियां निकाली गई है। उस पर लगभग 5 लाख की राशि खर्च होने का अनुमान है।

संजीवनी क्लीनिक तो पूर्व के स्टीमेंट से बन गई, अब अतिरिक्त राशि का खर्च नगर परिषद उठा पाएगी या 25 लाख से बनी संजीवनी क्लीनिक इसी प्रकार अनुउपयोगी स्थिति में बनी रहेगी। पशु चिकित्सालय मार्ग चेनपुर रोड़ और पुरानी वस्ती के सेंकड़ों लोगों को बीमार होने पर लगभग 2 कि.मी. दूर सिविल अस्पताल जाना मजबूरी बना रहता है। वहीं शासन की मंशा की आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं निकट मिले योजना फैल होती-होती नजर आ रही है।

#### इनका कहना है

नगर परिषद द्वारा स्वास्थ्य विभाग को भवन हेन्ड ओवर के लिए पत्र लिखा गया था। उनके द्वारा कमियां निकाली गई है। जिन पर अनुमानित 5 लाख की राशि खर्च होने की संभावना है।
- **हरिशंकर वर्मा,** सीएमओ बरेली।

## अटवाल के जन्मदिन पर शुभचिंतकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जोधा सिंह अटवाल का जन्मदिन सादगी से मनाया जा रहा है। अपने नगर परिषद अध्यक्ष कार्यकाल में श्री अटवाल ने नगर में अनेक अविस्मरणीय विकास कार्य किए जिसका आज भी नगरवासियों को मिल रहा है।

श्री अटवाल का जन्मदिन पूर्णतः सादगी से बनाने का निर्णय लिया गया। आज 30 अप्रैल को जन्मदिन के मौके पर बकतरा रोड स्थित अटवाल रिसोर्ट में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें संगीत में सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन होंगे।

जन्मदिन के मौके पर श्री अटवाल प्रातः श्री शहीदी गुरुद्वारा बाड़ी में प्रार्थना कर शक्तिपीठ मां हिंगलाज माता के दर्शन करेंगे तथा वहां से अटवाल रिसोर्ट पहुंचेंगे। श्री अटवाल के जन्मदिन पर नगर ही नहीं अपितु समूचे क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं देकर दीर्घायु जीवन की कामना की है। शुभकामना देने वाले मे प्रमुखनः पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह कुशवाहा, मोहन राय ,मंसाराम कुशवाहा, रामचरण शर्मा, बलिराम कुशवाहा, गुरिंदर सिंह अटवाल, मंडल अध्यक्ष सरवजीत सिंह अटवाल, रंजीत गौर, राजू सोनी, शरद साहू, लखन गौर, सीताराम चौहान, जस्सी अटवाल, शेरू अटवाल, नरेंद्र सिंह, लकी अटवाल सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी ।

## यूनिसेड संस्था के निर्मित स्कूल वेग, राज्यमंत्री ने किया वितरण

### बच्चों को पढ़ने, देखने की विशेष सुविधा मिलेगीः राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



बुधवार को पीएम श्री एकीकृत कन्या हायर सेकेंड्री स्कूल में क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में छात्राओं को विशेष वेग का वितरण किया गया। आईआईटी कानपुर द्वारा इन स्कूली बेग का विशेष प्रकार से निर्माण किया गया है।

गेल इंडिया और यूनिसेड संस्था द्वारा 27 हजार 778 बच्चों के बीच इन वेग का वितरण किया जाना है। जिसका शुभांरभ राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा किया गया।

स्कूल वेग विथ एजुकेशन डेस्क बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में बेहतरीन प्रयास है।

राज्यमंत्री पटेल ने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि सही बैठने और पढ़ने से बच्चों की रीढ़, मस्तिष्क, आंखों के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा और विकसित भारत के लिए गेल इंडिया का सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में गेल इंडिया के अधिकारी, भाजपा नेता योगेश पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, भरत शर्मा, प्राचार्य यूएस अहिरवार सहित छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अधिकारियों-कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ भी ली

## भरी दोपहरी में श्रमदान कर प्राचीन तालाब में की सफाई

#### बारिश के जल को सहेजने तथा जल के अपव्यय को रोकने किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन




जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में प्राचीन जल संरचनाओं तालाब, कुएं, बाबड़ी आदि की साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को बारिश के जल को सहेजने तथा जल के अपव्यय को रोकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, पारम्परिक जल संरचनाओं की सफाई और वर्षा जल का संरक्षण करना है।

इसी कड़ी में रायसेन नगर में चैपड़ा स्थित तालाब की साफ-सफाई का कार्य जनसहभागिता से किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, एसडीएम रायसेन मनीष शर्मा, सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों, समाजसेवी तथा विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक श्रमदान कर तालाब की साफ-सफाई की गई और स्वच्छता की शपथ भी ली गई।

### प्राण प्रतिष्ठा की 9वीं वर्षगांठ पर सात दिवसीय आयोजन संपन्न

## सोजनीधाम में श्रीराम यज्ञ का पूर्णाहूति के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



सिद्ध क्षेत्र सोजनीधाम में श्रीराम.जानकी प्राण प्रतिष्ठा की 9वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम यज्ञ का बुधवार को श्रद्धा और विधि-विधान के साथ भव्य समापन किया गया। 23 अप्रैल से प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा सोजनीधाम परिसर भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

समापन दिवस पर यज्ञाचार्य पंडित महेंद्र भार्गव एवं यज्ञ ब्रह्मा पंडित गोपाल मणि महाराज के सान्निध्य में पूर्णाहूति की समस्त धार्मिक क्रियाएं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गईं। यजमानों ने यज्ञ वेदी पर आहुति अर्पित करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि, समाज की उन्नति तथा देश और विश्व में शांति एवं सद्भावना बनी रहने की कामना की। पूर्णाहूति के दौरान स्वाहा की ध्वनि और वैदिक मंत्रों की गूंज से वातावरण अत्यंत भक्तिमय हो उठा।

यज्ञ के उपरांत सामूहिक आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम एवं माता जानकी की आराधना की। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान यज्ञाचार्य पंडित महेंद्र भार्गव ने सातों दिन निरंतर यज्ञ के महत्व, उसकी धार्मिक एवं वैज्ञानिक उपयोगिता तथा मानव जीवन में उसके सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि यह पर्यावरण शुद्धि, मानसिक शांति और सामूहिक सद्भाव को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम भी है। उनके प्रवचनों ने उपस्थित जनसमूह को धर्म, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया।

पूर्णाहूति के पश्चात कन्या भोज, ब्राह्मण भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। आयोजन में सामाजिक समरसता और सेवा भावना का सुंदर समन्वय देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान सोजनीधाम में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को आत्मिक शांति प्रदान करने वाला और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने वाला बताया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और व्यवस्थापकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## अंबाडी में एक साल से खराब पड़ा हैंडपंप, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

### शिकायत के बाद भी हैंडपंप सुधारने की अब तक नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत ग्राम अंबाड़ी में ऊपरी सड़क पर स्थित एकमात्र हैंडपंप पिछले करीब एक साल से खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदारों को फोन के माध्यम से हैंडपंप सुधारने की शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में सिर्फ एक ही हैंडपंप है और नल भी तय समय (टाइम टेबल) के अनुसार चलते हैं। ऐसे में आपात स्थिति में हैंडपंप ही सबसे बड़ा सहारा होता है, लेकिन उसके खराब होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी कर्मचारी सुधार के लिए आते हैं, तो केवल औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं। मरम्मत के बाद हैंडपंप मुश्किल से एक-दो दिन ही चल पाता है और फिर से खराब हो जाता है।

इस संबंध में ग्राम अंबाड़ी के ग्रामीण चिरोंजी लाल साहू ने बताया कि अंबाड़ी में ऊपरी सड़क पर स्थित एकमात्र हैंडपंप पिछले करीब एक साल से खराब पड़ा हुआ है। कई बार संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदारों को फोन के माध्यम से हैंडपंप सुधारने की शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।